**कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, हमीरपुर**

पत्रांक/ 2087-88 /2023–24 दिनांक 05.8.2023

समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या
राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त मा0वि0
जनपद हमीरपुर।
विषयः विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023 मेधावियों के खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा मे प्रतिभागिता के सम्बन्ध मे।

विज्ञान भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद् **(NCERT)** व राष्ट्रीय साइंस म्यूजियम काउन्सिल **(NCSM)** द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थी विज्ञान मंथन मे मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगी परीक्षा मे कक्षा 6 से 11 तक सभी बोर्ड के विद्यार्थी **vvm.org.in** पर पंजीकरण कर सम्मिलित हो सकते है। परीक्षार्थियों को 29 अक्टूबर, 2023 और/या 30 अक्टूबर 2023 को प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक (90 मिनट) परीक्षा मे शामिल होना होगा। 10 नवम्बर 2023 को परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश के कुल 120 विद्यार्थियों को प्रदेश स्तरीय शिविर मे सहभागिता का अवसर मिलेगा। 18 विजेताओं को रू0 5000.00, रू0 3000.00 व रू0 2000.00 के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। 12 विजयी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के शिविर में जायेगे। प्रत्येक प्रतिभागी को जनपद स्तरीय प्रमाण पत्र दिये जायेगे। प्रतियोगियों को 90 मिनट मे 100 सवालों के जवाब देने होगे। अधिकतर प्रश्न एप्लीकेशन बेस्ड होगे। विद्यार्थी विज्ञान मंथन के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 15 सितम्बर 2023 है। पंजीकरण शुल्क रू0 200 निर्धारित किया गया है।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023–24 संस्करण मे भाग लेने वाले बच्चों को विशेष अवसर प्रदान करेगा। जिसमे प्रशिक्षण सह इंर्टनशिप (01 से 03 सप्ताह) राष्ट्रीय (हिमालयी) और क्षेत्रीय विजेताओं को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशाला या डी0आर0डी0ओ0 इसरो, सी0एस0आई0आर0, बी0ए0आर0सी0 आदि प्रमुख शोध संस्थान मे से किसी एक में अवसर मिलेगा। साथ ही रू0 2000.00 प्रति माह की भास्कर छात्रवृत्ति भी दी जायेगी। 01 वर्ष के लिये राष्ट्रीय विजेता (हिमालयी) को एक विशिष्ट परियोजना/गतिविधि सौपी जायेगी। जिनका समय–समय पर मूल्यांकन किया जायेगा।

अतः आप अपने विद्यालय के कक्षा 6 से 11 तक के कम से कम 10 मेधावी विद्यार्थियों का पंजीकरण उक्त वेबसाइट पर दिनांक 15 सितम्बर 2023 तक कराना सुनिश्चित करे। अधिक जानकारी के लिये डा0 आशुतोष तिवारी प्रान्त समन्वयक मो0नं0 9670000024 पर या जिला समन्वयक डा0 जी0के0 द्विवेदी मो0नं0 8299219247 से सम्पर्क कर सकते है।

भवदीय

05/08/2023

(के0के0 ओझा)
जिला विद्यालय निरीक्षक
हमीरपुर

पृ0सं0/ /2023–24 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः डा0 आशुतोष तिवारी प्रान्त समन्वयक विद्यार्थी विज्ञान मंथन बॉदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिला विद्यालय निरीक्षक
हमीरपुर